3 (Sem-4/CBCS) HIN HC 1

**2023**

HINDI

( Honours Core )

Paper : HIN-HC-4016

( भाषाविज्ञान, हिन्दी भाषा एवं देवनागरी लिपि )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) "भाषा, उच्चारण-अवयवों से उच्चरित, यादृच्छिक (Arbitrary) ध्वनि-प्रतीकों की वह व्यवस्था है जिसके द्वारा समाज-विशेष के लोग आपस में विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।" भाषा-संबंधी उक्त परिभाषा किस भाषाविद् की है?

(ख) भाषाविज्ञान की एक परिभाषा दीजिए।

(ग) भाषा की लघुतम सार्थक इकाई क्या है?

(घ) प्रयत्न के आधार पर 'ल' किस प्रकार की व्यंजन-ध्वनि है?

(ङ) 'अभि' उपसर्ग का प्रयोग करके दो शब्द बनाइए।

Acc. No.
Date
College Library
Assam

(च) 'अध्याहार' किसे कहते हैं?

(छ) इच्छासूचक वाक्य का एक उदाहरण दीजिए।

(ज) अर्थ-परिवर्तन के किसी एक कारण का उल्लेख कीजिए।

(झ) खड़ीबोली के लिए 'कौरवी' नाम किसके द्वारा दिया गया है?

(ञ) देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) भाषा और बोली के किन्हीं दो अंतरों का उल्लेख कीजिए।

(ख) स्पर्श-संघर्षी व्यंजन-ध्वनि किसे कहते हैं? हिन्दी की स्पर्श-संघर्षी व्यंजन ध्वनियाँ क्या-क्या हैं?

(ग) अक्षर से आप क्या समझते हैं?

(घ) शब्द और अर्थ में क्या संबंध है?

(ङ) आदिकालीन हिन्दी की कोई दो ध्वनिगत विशेषताएँ लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) भाषा की किन्हीं पाँच विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) स्थान के आधार पर ओष्ठ्य और वर्त्स्य व्यंजन-ध्वनियों के स्वरूप पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ग) ध्वनि-परिवर्तन के कोई पाँच कारण बताइए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Nagaon : Assam





(घ) वाक्य-रचना के संदर्भ में अन्विति के महत्त्व पर सोदाहरण विचार कीजिए।

(ङ) हिन्दी की बोली अवधी का सामान्य परिचय दीजिए।

(च) देवनागरी लिपि की किन्हीं पाँच विशेषताओं को दर्शाइए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) भाषा-परिवर्तन का आशय स्पष्ट करते हुए उसके विविध कारणों पर सोदाहरण आलोकपात कीजिए।

**अथवा**

व्याकरण और समाज विज्ञान के साथ भाषाविज्ञान के संबंध पर विचार कीजिए।

(ख) स्वर-ध्वनि को परिभाषित करते हुए विविध दृष्टियों से उसके वर्गीकरण पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

पद-विभाग किसे कहते हैं? विभिन्न पद-विभागों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) रचना के आधार पर वाक्य के प्रकारों पर सोदाहरण चर्चा कीजिए।

**अथवा**

अर्थ-परिवर्तन की दिशाओं पर उदाहरण सहित विचार कीजिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Nagaon : Assam

(घ) ध्वनि, व्याकरण, शब्द-भण्डार एवं साहित्यिक प्रयोग की दृष्टि से आधुनिककालीन हिन्दी की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

देवनागरी लिपि के सुधार के प्रयासों पर विचार कीजिए।

★★★

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No. ..........
Date..........
* Nagaon : Assam *